पटना शहर के यातायात में बड़े बदलाव की तैयारी, भारी वाहनों के दबाव से मिलेगी निजात

# सरिस्ताबाद से दीदारगंज तक छह लेन की एलिवेटेड सड़क बनेगी

बदलता पटना

■ राहुल कुमार सिंह

**05** हजार 790 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण होगा

**13.4** किलोमीटर होगी सड़क की लंबाई, रैंप 8.6 किमी का होगा



- एनएचएआई की मूल्यांकन कमेटी से मंजूरी मिली
- पटनावासियों को जाम से मिलेगी बड़ी राहत
- बगैर शहर में प्रवेश किए बाहर निकल सकेंगे

> सरिस्ताबाद से दीदारगंज तक छह लेन वाली एलिवेटेड सड़क के निर्माण की मंजूरी मूल्यांकन कमेटी से मिल गई है। यह सड़क बनने से पटनावासियों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी। लोग बगैर शहर में प्रवेश किए एलिवेटेड से निकल जायेंगे।
>
> -अरविंद कुमार
> परियोजना पदाधिकारी, एनएचएआई

**संपर्क पथ की तरह फायदा मिलेगा**

इस एलिवेटेड सड़क पटना में रिंग रोड का काम करेगा। इस एलिवेटेड के बनने से पटना शहर के यातायात में बड़ा सुधार होगा। फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़ और मोकामा की ओर जाने वाले भारी वाहन बस, ट्रक, कार सीधे इस एलिवेटेड सड़क से होकर गुजरेंगे। इससे उन्हें शहर की ट्रैफिक से मुक्ति मिलेगी। डोभी-गया से आने वाले वाहन दीदारगंज से आगे फतुआ, बख्तियारपुर, भागलपुर आदि निकल जायेंगे। इन्हें शहर में नहीं आना होगा।

पटना। सरिस्ताबाद जंक्शन से दीदारगंज तक छह लेन की एलिवेटेड सड़क बनेगी। इसके साथ ही रैंप भी बनेंगे। सड़क की लंबाई 13.4 किलोमीटर होगी।

दूसरी तरफ सड़क के साथ आठ से नौ रैंप भी बनाए जाएंगे। इन रैंप की कुल लंबाई 8.6 किलोमीटर होगी। सड़क और रैंप के निर्माण पर पांच हजार 790 करोड़ रुपए खर्च होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की मूल्यांकन कमेटी ने इसकी मंजूरी दे दी है। इस छह लेन सड़क के बन जाने से पटनावासियों को जाम से राहत मिलेगी।

हालांकि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का मानना है कि तत्काल जाम की समस्या बढ़ेगी। वजह यह है कि मेट्रो के लिए जगह-जगह पीलर लगेंगे। इससे यातायात का मार्ग बदलेग। इससे आवाजाही में जाम का सामना करना पड़ेगा क्योंकि इस मार्ग पर मेट्रो भी बन रहा है। दूसरी तरफ यह छह लेन वाली सड़क बन जाने से लोगों को जाम से निजात दिलाने में कारगर साबित होगी।

**आठ से नौ रैंप बनाए जाएंगे :** मेट्रो के कारण एलिवेटेड सड़क की ऊंचाई सामान्य से अधिक होगी। सड़क के दोनों किनारे 8 से 9 रैंप बनाए जाएंगे। एलिवेटेड सड़क के नीचे और सड़कें गुजरेंगी। एलिवेटेड से उन सड़कों को जोड़ने के लिए रैंप बनाए जाएंगे। यह रैंप लोगों के लिए बेहद सुविधाजनक होगा।